दिनांक 23.07.2024 ''स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई''

लगातार बारिश से जल भराव की स्थिति नहीं है निगम भिलाई क्षेत्र में

भिलाई नगर। मानसूनी बारिश की शुरूआत होने से लगातार वर्षा हो रही है। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार नगर निगम भिलाई के सभी जोन के आयुक्त एवं आपदा प्रबंधन बाढ़ नियंत्रण का दल सचेत है। निगम के सभी जोन में अधिकारी कर्मचारी निचली बस्तियों में जाकर निरीक्षण कर रहे है, कहीं भी जल भराव नहीं है। निगम के कर्मचारी नालो में जल कुम्भी, खरपतवार, पुराने पेड़ आदि के फसने की संभावना बनी रहती है उन जगहो को साफ कर रहे है। जिससे बर्षा का जल लगातार नाली एवं नालो के माध्यम से आगे निकल जाये, किसी प्रकार का जल भराव न हो। बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ में हेल्प लाईन काउंटर 24 घंटा काम कर रहा है। संभावना को देखते हुए जे.सी.बी. और डिजल से चलने वाला मोटर पम्प की व्यवस्था सभी जोन में की गई है। आवश्यकता पड़ने पर पानी की निकासी तात्कालिक रूप से की जा सके। तोड़फोड़ दस्ता के साथ जोन का दल भी भ्रमण कर रहा है। निगम आयुक्त ने नागरिको से अपील की है कि कहीं भी जल भराव जैसी समस्या आने पर निगम के कंट्रोल रूम से संपर्क कर सकते है। मौसमी जल जनित बीमारी जैसे– डायरिया या फूड पाउजनिंग से बचाव हेतु पानी उबाल कर पीये, उल्टी दस्त तीन बार से ज्यादा होने पर डॉक्टरो से परामर्श ले। घर में साफ पानी में नमक, चीनी का घोल ओआरएस बनाकर पीते रहे। जिससे शरीर में पानी की कमी न हो। शरीर में पानी की कमी होने से सुस्ती आने लगती है। तुरंत डॉक्टर से सम्पर्क करें, डायरिया के लक्षण हो सकते है। सतर्क रहेना ही सबसे बड़ा बचाव है।